बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या : 01/भू0अ0नि0 (3) विविध– 12/2021 2590 **पटना, दिनांक** : 27-08-2021

आदेश

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अन्तर्गत नवचयनित अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों यथा– विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण लिपिक, विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं अमीन के योगदान की कार्रवाई दिनांक 27.06.2020 से प्रारम्भ कर विभिन्न तिथियों में की गई। उपर्युक्त संविदा पदों पर योगदान हेतु अभ्यर्थियों को दो–तीन अवसर प्रदान किया गया। दो–तीन अवसरों के बावजूद भी कतिपय नवचयनित अभ्यर्थियों द्वारा योगदान नहीं किया गया।

पुनः निदेशालय के पत्रांक– 444 दिनांक 15.02.2021 के द्वारा पूर्व के तिथियों में योगदान नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को दिनांक 25.02.2021 से दिनांक 27.02.2021 तक योगदान करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया। परन्तु इसके पश्चात भी कतिपय नव चयनित अभ्यर्थियों द्वारा योगदान नहीं दिया गया।

अतः उपरोक्त के आलोक में स्वीकृत पद, स्वीकृति के विरूद्ध योगदान एवं बारम्बार योगदान का अवसर दिये जाने के बावजूद भी योगदान नहीं करने की स्थिति में रिक्त पद की विवरणी निम्न प्रकार है:–

क्र0	विज्ञापन संख्या	पदनाम	स्वीकृत पदों की संख्या	चयनित अभ्यर्थियों की संख्या	स्वीकृत पदों के विरूद्ध चयनित अभ्यर्थियों के द्वारा दिये गए योगदान एवं पदस्थापन की संख्या	रिक्त पदों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7
1	03/2019	विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	275	275	221	54
2	04/2019	विशेष सर्वेक्षण कानूनगो	550	534	344	190
3	05/2019	विशेष सर्वेक्षण लिपिक	550	549	364	185
4	01/2019	विशेष सर्वेक्षण अमीन	4950	4950	3455	1495
5	02/2019	अमीन	550	534	487	47
		कुल :	**6875**	**6842**	**4871**	**1971**

अतः दिनांक 11.08.2019 के चयन समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में बारम्बार योगदान का अवसर दिये जाने के बावजूद भी योगदान नहीं करने वाले वैसे सभी नवचयनित अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व समाप्त करते हुए स्तम्भ संख्या– 7 में अंकित पदों की संख्या को रिक्त पद घोषित किया जाता है।

2. काउन्सिलिंग के पश्चात तैयार की गयी मेधा सूची में से नियोजन के पश्चात् अवशेष बचे अभ्यर्थियों की सूची को स्थायी प्रतीक्षा सूची के रूप में अंगीकृत किया जाता है एवं इसके आधार पर शेष पदों हेतु चयन सूची बनाने की कार्रवाई की जाएगी।

3. सरकार के निर्णयानुसार उक्त रिक्त घोषित पदों पर नियोजन की कार्रवाई अंगीकृत स्थायी प्रतीक्षा सूची से पूर्व में संबंधित पदों हेतु प्रकाशित विज्ञापनों में निहित शर्तों के अनुरूप की जाएगी।

(जय सिंह) 27/8/21
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (3) विविध —12 / 2021 2590 **पटना, दिनांक** : 27-08-2021

प्रतिलिपि :— अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू—अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (3) विविध —12 / 2021 2590 **पटना, दिनांक** : 27-08-2021

प्रतिलिपि :— श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू—अभिलेख एवं परिमाप